आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

शिक्षक–मूल कैडर

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के लिए चयनित शिक्षकों का उनके मूल कैडर में अधिकार सुरक्षित रखा जाए, ताकि उनके पदोन्नति के अवसर प्रभावित न हों। उन्होंने कल शिमला में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए सरकारी स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सीबीएसई स्कूलों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति के लिए मौजूदा सेवा शर्तों में भी राहत देने और शेष सेवा अवधि की अनिवार्यता को तीन वर्ष से घटाकर दो वर्ष करने को कहा। उन्होंने कहा कि सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों का एक अलग लोगो और वर्दी होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्कूलों में 'नो मोबाइल फोन नीति' के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की, जो इस वर्ष एक मार्च से लागू होने जा रही है। उन्होंने विभाग को निर्धारित समय–सीमा के भीतर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए।

गोकुल बुटेल

प्रदेश में डिजिटल गवर्नेंस को लेकर राज्य सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं, जिससे हर स्तर पर पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। मुख्यमंत्री के प्रधान आईटी सलाहकार गोकुल बुटेल ने कल शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि तकनीक के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा और विभिन्न सरकारी सेवाओं को सही लाभार्थियों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है, जिसके लिए अलग–अलग पोर्टल और ऐप के जरिए विभागों को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'हिम केयर' योजना को भी डेटा और पोर्टल से जोड़ा गया है, ताकि केवल पात्र लोगों को ही इसका लाभ मिल सके।

*हिम परिवार प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट होने के बाद 60 करोड रुपए सालाना हिमाचल प्रदेश का डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से बचाया जा रहा है हमारे दो डेटा बेसिस अलग–अलग है। एक हमारा परिवार रजिस्टर था जो रूरल डेवलपमेंट डिपार्मेंट जो है वह परिवार रजिस्टर को डिजिटल मेंटेन करता था और जो हमारा ई सोमसा है जो सोशल सिक्योरिटी बेनिफिट है चाहे वो वृद्ध पैंशन हो हैंडिकैप्ट पैंशन हो ये जो डिर्पाटमैंट को डेटा बसिस थे। यह आपस में बात नहीं करते थे जब हमने हिम परिवार सीड किया और दोनों डेटाबेस आपस में बात करना शुरू हुए लगभग 41795 के सीज बेनिफिशियरी थे जो बेनिफिशियरी मर चुके थे और उनकी जो पेंशन थी वह डिपार्टमेंट रिलीज कर रहा था यह लगभग 5 करोड रुपए प्रति माह इसकी सेविंग जो है वह सरकार को हो रही है*

नड्डा दौरा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा का आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आने का कार्यक्रम है। वे आज शाम बिलासपुर ज़िले में अपने पैतृक गांव विजयपुर पहुंचेगे। जे.पी. नड्डा 15 फरवरी को हमीरपुर के नेरी स्थित ठाकुर राम सिंह हिस्टोरिकल रिसर्च इंस्टीच्यूट में एक बैठक में भाग लेंगे।

कृषि प्रोत्साहन–प्रधान मंत्री मुद्रा योजना

किसानों को वित्तीय संबल प्रदान करने के लिए और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा अनेक कृषि ऋण योजनाओं सहित प्रधानमंत्री मुद्रा योजना लागू की जा रही हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना, संशोधित ब्याज अनुदान योजना, पशुपालकों और मछुआरों के लिए कार्यशील पूंजी ऋण योजना और केंद्रीय कृषि कामधेनु स्वर्ण ऋण योजना इन प्रमुख केन्द्रीय कृषि प्रोत्साहन योजनाओं में शामिल हैं। इनके माध्यम से लाखों किसान परिवारों की बैंकों के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से देश में 52 करोड़ युवाओं को लघु उद्यम शुरू करने हेतु 33 लाख करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए जा चुके हैं और इन पात्र युवाओं में 65 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं।

*किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने और युवाओं को स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए उना जिले के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही तक केंद्र सरकार द्वारा शुरू कर गई विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के अंतर्गत किसानों को 557 करोड़ रूपये और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 139 करोड़ रूपये ऋण के रूप में वितरित किए गए। जिले में 31 दिसंबर 2025 तक 54 हजार 911 किसानों को कृषि कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि औजारों की खरीद हेतू ऋण उपलब्ध कराने तथा लघु व कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने व ऋण वितरण के अलावा अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रयास को गति दी जा रही है। आकाशवाणी के लिए ऊना से राजेश शर्मा...........*

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज सिरमौर जिला के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री सराहां में करोड़ों रुपये की योजनाओं के उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे जिसके बाद वे कुश्ती ग्राउंड सराहां में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री की इस दौरे से क्षेत्र वासियों को कई उम्मीदें हैं।

चिट्‌टा बहिष्कार

चंबा विकास खंड की ग्राम पंचायत द्रमण के तहत गांव काथला के काली माता महिला मंडल के सदस्यों ने एक अनूठी पहल करते हुए काथला गांव के किसी भी व्यक्ति या परिवार की चिट्टे जैसे गंभीर मादक पदार्थ में संलिप्त पाए जाने पर उनका सामाजिक बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। महिला मंडल प्रधान कुंता देवी ने बताया नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध संगठित रूप से संघर्ष किया जाएगा।